तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025



14 सुहागिनों ने वट-सावित्री पूजा की पति के लिए दीर्घायु की कामना की





12 डॉक्टरों की भर्ती नहीं, एमडी से लेकर टेक्नीशियन ...






# विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की जाएगी

## कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की ली बैठक, दिए जरूरी दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस संबंध में कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अभियान की तैयारी की समीक्षा की। इस बैठक में वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल वन मंडल दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम, सहित जिले के अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि 5 जून को वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया जाएगा। इस दिन शहर के टाउन हॉल में एक गरिमामय मुख्य कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। वृक्षारोपण के लिए स्थानों का चयन वन विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत होंगे। जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, अस्पताल परिसरों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि की खाली भूमि पर छायादार और फलदार वृक्षों का रोपण किया जाएगा। इसके अलावा नगर वन, पार्क, ग्रीन बेल्ट, राष्ट्रीय / राज्य राजपथ एवं प्रमुख सड़के, जलसंरचना, कैचमेण्ट एरिया, नदी तट, रिचार्ज जोन, नहर, अमृत सरोवर आदि सम्मिलित है जिनमें या जिनके आसपास प्राथमिकता से वृक्षारोपण किया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी अभियान में सम्मिलित किया जावें। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखा जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जैसे – प्रभात फेरी पर्यावरण संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता परिवार के साथ वृक्षारोपण कर सेल्फी प्रतियोगिता के साथ अन्य कार्यक्रम की रुप रेखा तय करने के निर्देश दिए । उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने घरों के आस-पास व खाली ज़मीनों पर पेड़ लगाएं। इस वर्ष की थीम "जल, वन और जीवन" पर आधारित होगी, जो सतत विकास के संदेश को आगे बढ़ाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने यह भी बताया कि अभियान की सफलता और जिले की उपलब्धियों को दर्शाते हुए एक "कॉफी टेबल बुक" भी प्रकाशित की जाएगी, जिसमें जिले की विकास यात्रा, पर्यावरणीय प्रयासों और वृक्षारोपण की झलकियों को सुंदर फ़ोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए । इस अभियान में कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

### जिम्मेदारी का प्रतीक है

"एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। बेमेतरा जिला इस पहल के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को हरित विरासत भी सौंपेगा।

## खबर संक्षेप



### बालिका व महिलाओं को मिला ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** मिशन शक्ति योजनांतर्गत बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने उनका सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने वार्ड नं.15 क ऑगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 12/1 में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत किशोरी बालिका एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था जिसका समापन हुआ। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों को लैंगिक समानता के बारे में जागरूक करना और लिंग आधारित भेदभाव के हानिकारक परिणामों की जानकारी दी गई, वित्तीय साक्षरता में साइबर क्राइम से सुरक्षा हेतु डीबीटी, एटीएम, ओटीपी, डेबिट/क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई आदि ऑनलाइन वित्तीय लेनेदेन संबंधी जानकारी दी गई, साथ ही विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर सेनेटरी पैड का वितरण किया गया एवं एच बी. टेस्ट भी किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया के द्वारा 22 ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ ईश्वर पाटिल, जेण्डर विशेषज्ञ सेवन्तिका साहू, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता सनत साहू एवं ऑगनबाडी सहायिका उपस्थित रहे।

### 60 वार्डों में चौथे दिन नहीं उठा कचरा

**दुर्ग।** दुर्ग के 60 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप पड़ गई है। सफाई कर्मचारी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नहीं कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसकी शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बता दें कि पिछले चार दिनों से शहर के सभी 60 वार्डों के सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं। निगम में पिछले दिनों सफाई का नया ठेका हुआ है। किसी आयुष सिंह को काम दिया गया है। महिला समूह के माध्यम से काम कराया जा रहा है। इधर सफाई कर्मचारियों की पुरानी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। इस वजह से उनमें नाराजगी है। उन्होंने हड़ताल शुरू कर दिया है। शहर में सड़कों और नालियों की सफाई हो रही है, लेकिन घरों से कचरा नहीं उठ रहा है।

### युवक का अपहरण कर मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** खुर्सीपारा थाना क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने बताया कि श्रमिक नगर छावनी निवासी हरीश सोनी की शिकायत पर उज्जवल सिंह, इंद्रजीत सिंर उर्फ टकली और शुभम सिंह के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। मुख्य आरोपी उज्जवल ने हरीश को पुराना पेमेंट देने के नाम पर 21 मई से बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान उससे मारपीट की। बंधक रहने के दौरान ही उसने घटना की जानकारी अपने भाई को फोन के माध्यम से दी। इसके बाद उसके भाई ने पुलिस को खबर दी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### सहायिका पद के लिए आवेदन 2 जून तक

**दुर्ग।** आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 02 जून तक बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग शहरी में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र पंचशील नगर केन्द्र 2, वार्ड 1 नयापारा के लिए यह भर्ती होनी है।

## गोरखधंधा : डंगनिया ख के आश्रित गांव साल्हेपुर में 347 ट्रिप रेत जब्त की गई थी

# साल्हेपुर रेत भंडारण को किया जब्त, पर नीलामी अटकी, माफिया हुए फिर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



■ पंचायत प्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार पर उठाए सवाल पर अभी तक नहीं हुई ठोस कार्रवाई

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत डंगनिया ख के आश्रित ग्राम साल्हेपुर में अवैध रेत भंडारण के खिलाफ कार्रवाई तो हुई, लेकिन आगे की प्रक्रिया में लापरवाही ने पूरे तंत्र की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब्त रेत की अब तक नीलामी नहीं की गई, उल्टा माफिया दोबारा सक्रिय हो गए हैं और भंडारण से चोरी-छिपे रेत उठा रहे हैं। मामला शासन के सुशासन तिहार अभियान की साख पर भी सवाल खड़ा कर रहा है।

### अप्रैल में की गई थी बड़ी कार्रवाई

4 अप्रैल को माइनिंग अधिकारी अर्चना ठाकुर, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और पटवारी मेघनाथ पटेल की संयुक्त टीम ने साल्हेपुर में दबिश दी थी। इस दौरान रेत माफिया द्वारा अवैध तरीके से जमा की गई 347 ट्रिप रेत जब्त कर ली गई थी। उसे ग्राम के पटेल उत्तम गुप्ता के सुपुर्द कर दिया गया था। कार्रवाई के बाद उम्मीद थी कि जल्द ही नियमानुसार नीलामी होगी, लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### जनप्रतिनिधियों की पहल भी रही बेअसर

नीलामी को लेकर ग्राम उपसरपंच, सरपंच और जनपद सदस्य लगातार माइनिंग अधिकारी से संपर्क करते रहे। 12 मई को कोदवा में सरपंच, ग्रामीणों और जनपद सदस्य द्वारा लेटरपैड में औपचारिक आवेदन भी दिया गया। अधिकारी ने अगले दिन कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। इसके बाद 16 मई को जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल और बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भी लिखित में कार्रवाई की मांग की। फिर 19 मई को देवरी में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीरज राजपूत ने कलेक्टर और विधायक को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। बावजूद इसके न तो नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई, न ही अवैध भंडारण पर सख्ती दिखाई गई।

### माफिया फिर उठाने लगे रेत, वीडियो बना

अब स्थिति यह है कि जब्त की गई रेत को माफिया दोबारा चोरी-छिपे उठाने लगे हैं। 19 मई की रात को एक ट्रैक्टर द्वारा रेत उठाते ग्रामीणों ने देखा और इसका वीडियो भी बनाया गया। जब पटवारी ने मौके पर पूछताछ की तो माफिया ने कहा कि हमने जिला माइनिंग अधिकारी से अनुमति ली है। लेकिन जब अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने किसी को चार्ज न देने की बात कही।

### पुलिस में नामजद शिकायत फिर भी कार्रवाई नहीं

ग्राम पटेल उत्तम गुप्ता ने चोरी की घटना को लेकर नामजद शिकायत स्थानीय चौकी में की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि क्या प्रशासनिक अधिकारियों और रेत माफियाओं के बीच मिलीभगत है?

### परपोड़ा सचिव निलंबित, यहां मौन क्यों?

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले परपोड़ा गांव में अवैध रेत उठाव के मामले में ग्राम सचिव धनीराम जांगड़े को निलंबित किया गया था। सवाल यह है कि जब एक सचिव पर इतनी सख्ती दिखाई गई, तो साल्हेपुर जैसे बड़े मामले में चुप्पी क्यों?

**अब निगाहें प्रशासनिक फैसले पर:** लगातार शिकायतों और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बावजूद अब तक रेत नीलामी नहीं होना न केवल लापरवाही है, बल्कि शासन के सुशासन तिहार जैसे अभियान की गंभीरता पर भी प्रश्नचिह्न है। देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर सुशासन का नारा महज एक औपचारिकता बन कर रह जाएगा?

# एक माह से हत्या के प्रयास का फरार आरोपी मारो में चढ़ा पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ पीड़ित पर धारदार हथियार से किया गया था हमला

मारो चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुटपुरा गांव में बीते महीने हुई एक सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 22 अप्रैल की रात की है, जब तीन अज्ञात हमलावरों ने एक ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतारने की कोशिश की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित महेन्द्र साहू (40), जो कि पुटपुरा का रहने वाला है, घटना की रात करीब 8.30 बजे अपने घर के पास स्थित बंद किराना दुकान के सामने बैठा था। तभी तीन अज्ञात युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल से पहुँचे। तीनों ने मुंह कपड़े से ढंका हुआ था। उनमें से एक युवक बातचीत करने के बहाने महेन्द्र के पास आया और अचानक धारदार हथियार से उसके गले पर वार करने की कोशिश की। हालांकि बचाव में वार उसके गाल पर लग गया और हमलावर मौके से फरार हो गए।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रारंभिक रूप से धारा 118(1), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान जब यह स्पष्ट हुआ कि हमलावरों की नीयत हत्या की थी, तो प्रकरण में धारा 109, 3(5) एवं 61(2) बीएनएस की वृद्धि की गई।

**पुलिस की मेहनत लाई रंग, आरोपी जस्सी गिरफ्तार:** इस मामले में एक आरोपी श्याम पासवान (28), निवासी कुरुक्षेत्र, हरियाणा को पहले ही 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया जा चुका था। वहीं, मुख्य आरोपी जसवंत कांठले उर्फ जस्सी (22) निवासी संबलपुर, थाना ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कार में सात पेटियों में 336 पौवा देसी मसाला शराब जब्त, 3 जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ आबकारी की दबिश में तस्करी बेनकाब

सोमवार की सुबह आबकारी विभाग नवागढ़ ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध शराब तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। मुखबिर से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर ग्राम मल्दा से खम्हरिया मार्ग पर लगाए गए अस्थायी चेकपोस्ट पर एक सफेद स्विफ्ट कार (सीजी 22 पी 0185) को रोककर तलाशी ली गई। कार में सवार तीन युवकों के पास वैध दस्तावेज नहीं थे। जांच में 07 नग कार्टून पेटियों में छिपाकर रखी गई 336 पाव देसी मसाला मदिरा (कुल मात्रा 60.48 बल्क लीटर) बरामद की गई।

### बलौदाबाजार से लाई जा रही थी शराब

आरोपियों की पहचान दीपू हलधर, राजू हलधर और राहुल हलधर, सभी निवासी रोहरा, जिला बलौदा बाजार के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे यह शराब बेमेतरा जिले के ग्रामीण अंचलों में खपाने की फिराक में थे। आबकारी विभाग ने तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

**गैर-जमानती अपराध दर्ज, आरोपियों को जेल भेजा गया:** मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण कायम कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम (प्रभारी वृत्त नवागढ़) ने किया, वहीं उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा (प्रभारी वृत्त बेरला) की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। निवेदिता मिश्रा इससे पहले भी अवैध शराब के खिलाफ कई सफल अभियान चला चुकी हैं। उनके तेज़, सटीक और निर्भीक कार्यशैली के चलते तस्करों में खौफ बना हुआ है। हाल की कार्रवाइयों में उन्होंने अकेले दम पर कई ग्रामीण इलाकों में छापेमारी कर तस्करी की कमर तोड़ी है। टीम में आरक्षक महेंद्र नाग और वाहन चालक पूर्णानंद सोम ने भी अहम सहयोग प्रदान किया।

**गांवों में खुलकर बिक रही शराब का जिम्मेदार कौन?:** आबकारी विभाग की यह कार्रवाई निश्चित ही ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तेलगा की गलियों में सालों कीचड़ से ग्रामीण परेशान



**बेरला।** ब्लॉक बेरला अंचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तेलगा में सालों से गांव के गलियों की साफ-सफाई व नालियों की गंदा पानी की जमाव से ग्रामीण के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। गलियों में गन्दा पानी और कीचड़ सालों से जमा है, जिससे क्षेत्र की स्थिति बद से बदतर हो गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण यह समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस समस्या के कारण वार्ड वासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सेहत संबंधी समस्याएं भी शामिल है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए और क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। क्या प्रशासन इस समस्या का समाधान करने में सक्षम होगा? या फिर वार्ड वासियों को और इंतजार करना पड़ेगा।

# यादव समाज का देश व प्रदेश के विकास में है महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ ग्राम सोढ में झेरिया यादव समाज का हुआ सम्मेलन

तहसील बेरला के ग्राम पंचायत सोढ में आयोजित तहसील स्तरीय झेरिया यादव समाज सम्मेलन में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया झेरिया यादव समाज के तहसील स्तरीय सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में बोलते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि झेरिया यादव समाज का देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है अपने मेहनत और सूझबूझ के दम पर झेरिया यादव समाज ने सभी समाजों को हमेशा सहयोग प्रदान किया है इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने झेरिया यादव समाज के रीति रिवाज तथा गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला एवं समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों का भी उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने झेरिया यादव समाज से अपील की समाज में शिक्षा की जागृति अधिक से अधिक फैलाई जाए साथ ही साथ जिस प्रकार युवाओं को समाज मौका देता है ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मासिक काव्य गोष्ठी में इस हरकत को सभ्यता और संस्कृति का घोर अपमान बताया

# छत्तीसगढ़ी में अश्लील गीतों की प्रस्तुति का सुग्घर साहित्य समिति ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/भिंभौरी

क्षेत्र में साहित्यिक रचनात्मक सृजन हेतु सक्रिय सुग्घर साहित्य समिति बेरला की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन शनिवार को लिलेश्वर देवांगन के संयोजन में उनके निज निवास ग्राम कंडरका आयोजित किया गया था। जहां सभी कवियों के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता हेतु वीर सैनिकों को नमन किया गया। तो वहीं छत्तीसगढ़ी राजभाषा में अश्लील शब्दावली से भरे गीत परोसकर सभ्यता और संस्कृति का घोर अपमान करने वाले कुछ कलाकारों का पूरजोर विरोध किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रायपुर से पहुंची हुई कवयित्री पुष्पा नायक के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना कर किया गया। भिंभौरी निवासी कविता खिवराज धीवर ने अपनी देशभक्ति गीत और पुरखों के संघर्ष को शानदार शब्दावली के साथ परोसा। ग्राम पिरदा से उभरते हुए पंडवाणी गायक कुंदन साहू ने पंडवाणी की प्रारम्भिक अंतरे की प्रस्तुति दी। ताकम वाले गीतकार मूलचंद साहू ने बुजुर्गों के कार्य को अपनी शानदार गीत के माध्यम प्रस्तुत किया। लोकगायक दिलीप टिकरिहा /"छत्तीसगढ़िया/" ने अश्लील शब्दावली में गीत परोसने वाले कलाकारों का महतारी के कोरा नामक गीत से विरोध दर्ज किया।



**काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने कविता पाठ किया :** सुग्घर साहित्य समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद वर्मा चंदन के द्वारा अपनी प्रतिनिधि रचना सैनिक प्रस्तुत किया गया। काव्य गोष्ठी के संयोजक लिलेश्वर देवांगन ने जलहरण घनाक्षरी की रचना परोसकर काफ़ी तालियां बटोरी। पत्रकार एवं व्यंग्यकार विकास कश्यप ने सुशासन से जुड़ी व्यंग्य रचना प्रस्तुत कर अपनी छाप छोड़ी। भिंभौरी निवासी ओज कवि कमलेश वर्मा ने सार छंद में प्रकाश संश्लेषण की रचना प्रस्तुत की। ग्राम लाटा निवासी दीपक निषाद ने किसानों का गीत गाकर सबका मन मोह लिया। तो वहीं लाटा से ही आये मनीदास मानिकपुरी ने दोहा छंद प्रस्तुत किया। कुसमी नगर के निवासी नरेन्द्र साहू ने जय हिंद-जय भारती नामक गीत गाकर सबमें देश भक्ति का भाव जगाया।

बेरला निवासी जगदीश सोनी के द्वारा क्या लिखना सार्थक है यह बताया गया। सुग्घर साहित्य समिति की नई सदस्या काजल विकास कश्यप ने अपने पति की प्रथम काव्य कृति /"आनंद का इत्र/" की समीक्षात्मक काव्य रचना प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में तरकोरी संकुल प्रभारी शिक्षक के द्वारा फिल्मी गीत गाके सबका मन मोह लिया। इसके साथ ही आभार प्रदर्शन एवं काव्य गोष्ठी के समापन की घोषणा जगदीश सोनी के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### बीमारियों से बचाव के लिए बनाएं कार्ययोजना

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने दकलेक्टर अभिजित सिंह से बारिश में उपजने वाली जलजनित बीमारियों के विरूद्ध पूरी सजगता बरत इससे बचाव के लिए कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि इस बार मानसून का आगमन तय समय से पूर्व हो रहा है जिससे बारिश में मौसम परिवर्तन की वजह से अनेक बीमारियों के पांव पसारने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। विशेष रूप से मच्छर जनित और जल जनित बीमारियां जैसे मलेरिया, टायफायड, डेंगू, पीलिया, अतिसार, उल्टी, दस्त, पेट संबंधी बीमारी व खाज खुजली सहित कई बीमारियां शामिल हैं। बरसात में जगह-जगह गंदा पानी भर जाने से जलजनित बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए बीमारी फैलने के बाद उसके रोकथाम के उपाय करने से अच्छा है कि बीमारी को फैलने ही न दें और उसके पैर पसारने से पहले ही उसके रोकथाम के सारे उपाय कर लिए जाये।

### परामर्शदात्री समिति के बैठक की मांग

**दुर्ग।** जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षों से नहीं होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति, वरिष्ठता सूची का प्रकाशन समय पर नहीं होने, सेवा पुस्तिका संधारण अघतन, सेवा निवृत्ति उपरांत कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण, चिकित्सा देयक, यात्रा भत्ता देयक भुगतान नहीं होने, मातृत्व अवकाश एवं संतान पालन अवकाश पर गए कर्मचारियों की वेतन भुगतान प्रकरण अघतन नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। शासन द्वारा तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाये जाने के निर्देश है।

### एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**दुर्ग।** कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ), दुर्ग व इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पोषक तत्वों के फसल उत्पादन में महत्व, मृदा परीक्षण के परिणाम अनुसार अनुशंसित मात्रा में उर्वरक की गणना, खरीफ पूर्व तैयारी आदि विषयों में चर्चा हुई।

# वोटिंग करने आए मतदाताओं का मोबाइल संभालेगा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग ने एक नई पहल की है। मतदान करने आए मतदाताओं के मोबाइल की जिम्मेदारी आयोग की होगी। मतदान करने के पहले मतदाताओं को अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर जमा करना होगा, मतदान देने के बाद मतदाताओं को मोबाइल वापस कर दिया जाएगा। इस पहल को लेकर आयोग का उद्देश्य है कि, मतदान करने में मोबाइल को सुरक्षित रखने की हिचक दूर किया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। इनमें मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल जमा सुविधा प्रदान करना और प्रचार नियमों का सरलीकरण शामिल है। ये निर्देश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के संबंधित प्रावधानों के अनुरूप है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और मतदाताओं विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान दिवस पर मोबाइल फोन संभालने में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है। मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि के भीतर केवल बंद (स्विच ऑफ) स्थिति में मोबाइल फोन रखने की अनुमति होगी। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट बैग रखे जाएंगे, जिनमें मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे। मोबाइल फोन मतदान केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों को स्थानीय प्रतिकूल परिस्थितियों के आधार पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। मतदान केंद्र के भीतर मतदाता की गोपनीयता सुनिश्चित करने वाला निर्वाचन संचालन नियम 49 एम सख्ती से लागू रहेगा।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने निर्वाचन आयोग ने की पहल




### 100 मीटर के दायरे में प्रचार प्रसार रहेगा प्रतिबंध

इसके अतिरिक्त, मतदान दिवस पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोग ने प्रचार की अनुमति सीमा को निर्वाचन कानूनों के अनुरूप मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक सीमित कर दिया है। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं होगी। अतः मतदान दिवस पर उम्मीदवारों द्वारा मतदान दिवस पर ऐसे बूथ, जिनसे वे आधिकारिक मतदाता सूचना पर्ची (व्हीआईएस) न होने की स्थिति में अनौपचारिक पहचान पर्ची वितरित करते हैं, अब मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के बाहर लगाए जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग विधिक ढांचे के अनुसार निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए प्रतिबद्ध है और साथ ही मतदाताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने हेतु लगातार नवाचार करता रहेगा।

## जिला अस्पताल में रोज एक हजार मरीज, रिक्त पदों पर नहीं हो रही भर्ती

# डॉक्टरों की भर्ती नहीं, एमडी से लेकर टेक्नीशियन के पदों में भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल पिछले लंबे समय से डॉक्टरों की कमी और टेक्निकल कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। जिसके चलते लाखों रुपए की महंगी मशीन कंडम हो रही है, वहीं डॉक्टरों की कमी से मरीजों का दर्द भी बढ़ रहा है। नियमित डाक्टरों की भर्ती नही किए जाने के चलते लिमिट डाक्टरों पर दबाव बढता जा रहा है। विगत दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला अस्पताल के निरीक्षण में आए थे, अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें भी डॉक्टरों की कमी की जानकारी दी थी, लेकिन वर्तमान में स्थित जस के तस है। मरीजों की संख्या को देखते हुए दस एमडी डाक्टरों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ पांच की स्वीकृति पर एक ही नियमित हैं और दो एनएचएम मद व एक डीएमएफ से भर्ती किए गए है। एमडी डाक्टरो की कमी के कारण आईसीयू वार्ड, केज्यूअलटी वार्ड में दबाव बढ रहा हैं। दो शिफ्ट होने और कभी डाक्टर के छुट्टी पर जाने से व्यवस्था गडबडा जा रही है। जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड उपलब्ध है। यहां 1000 प्लस ओपीडी मरीज स्थानीय एवं नजदीक क्षेत्र से चिकित्सा सेवा के लिए आते है। विशेष कर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

ऐसे में चिकित्सक की कमी से चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है। जिसमें चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड और आपातकालीन विभाग में स्थिति बेहद खराब हैं। एकतरफ जहां नियमित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, वही इन पदों में भर्ती करने के बजाय जिला प्रशासन डीएफएफ मद के जरिए नौ डाक्टरों के पीछे मोटी रकम फूंक रही हैं। डीएफएफ के तहत नौ डाक्टरों की संविदा नियुक्ति की गई है। जिनका वेतन नियमित से कई गुणा अधिक हैं।

जानकारी अनुसार जिला अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के पांच पद स्वीकृत है, जिसमें एक ही नियमित हैं। दो एनएचएम मद से डाक्टर लिए गए है। एक डीएफएफ से है। इसमें एक पद रिक्त है। इसी तरह खीरोग विशेषज्ञ के पांच पदों में चार नियमित है, वहीं एक अनुबंधित डाक्टर से काम चलाए जा रहे है। इसी तरह शिशु रोग विशेषज्ञ के पांच पद में दो नियमित हैं, एक अनुबंधित से काम चल रहा है और दो एनएचएम से संचालित हो रहे है। रेडियोलाजिस्ट के चार पद में एक ही नियमित हैं, इसमें तीन पद खाली हैं।

निश्चेतना विशेषज्ञ के चार में एक पद नियमित और एक एनएचएम और एक डीएफएफ से कार्यरत है। जबकि एक पद खाली है। सर्जरी विशेषज्ञ के चार में तीन नियमित है और एक डीएफएफ से भर्ती किए गए हैं। ईएनटी (नाक, कान व गला) के तीन पद में दो। रिक्त है। जबकि इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है। इसी तरह मनोरोग के दो पद में दोनों रिक्त है, जबकि यह गंभीर विषय से जुडा हैं। इस तरह जिला अस्पताल में स्वीकृत 46 पदों में 13 पद खाली है। जिसमें सीनियर साइंटिस्ट, क्लीनिकल माइक्रोबायोलाजिस्ट, क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट, फोरेंसिंक विशेषज्ञ पद भी खाली हैं।

## एमडी डॉक्टरों की कमी के कारण आईसीयू, केज्यूअल्टी वार्ड में दबाव बढ़ा



### एक भी न्यूरो सर्जन और मनोरोग डॉक्टर नहीं

जिला अस्पताल में एक भी न्यूरो सर्जन नही हैं। न्यूरो सर्जन नही होने के कारण जिले के मरीजों को बाहर इलाज करना पड रहा हैं। वही मनोरोग के भी दो पदों में एक भी डाक्टर फिलहाल नहीं हैं। वही क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट भी नही हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीज नशा आदि से व्यथित हो रहे है। इसके बाद भी मनोरोग डाक्टरों का अभाव जिलेवासियों को खल रही हैं। ज्यादातर पद रिक्त होने से जिला अस्पताल प्रबंधन को एनएचएम पद से काम चलाना पड रहा हैं।

### मशीन चलाने कर्मचारी नहीं कई दिनों से बंद

जिला अस्पताल में फेफड़े की क्षमता जानने की स्पिरो मेटे नामक मशीन जो पिछले लंबे समय से बंद है। इसे चलाने एक्सपर्ट कर्मचारी नही होने के कारण इसका संचालन बंद पड़ा हुआ है। फेफड़े की रोगी इस सेवा से वंचित हो रहे है, प्राइवेट हॉस्पिटल मे इसकी जांच एक हजार में हो रही है। जबकि जिला अस्पताल में यह सेवा निशुल्क होती है। लेकिन कर्मचारी के अभाव में यह शोपीस बनी हुई हैं।0 समिति ने मांगे थे स्टाफ, भर्ती नहींजिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। हालांकि पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दूसरे ही दिन मनोरोग विशेषज्ञ और ओटी टेक्नीशियन की भर्ती करने निर्देश दिए थे। जिसके लिए विगत पन्द्रह अक्टुबर तक सीएमओ कार्यलय में आवेदन मांगे गए थे। डाक्टरों की भर्ती को लेकर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंनगावकर द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भर्ती की मांग की हैं। लेकिन भर्ती और रिक्त पद जस के तस हैं।

# बोर खनन के बाद गौठान में मवेशी नहीं रहेंगे प्यासे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत निपानी में स्थित गौठान पर ग्राम पंचायत के द्वारा बोर खनन कराया गया है। बता दें कि ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए गौठान में बोर नहीं होने से मवेशियों को पानी नहीं मिलता था, साथ ही यहां पर रहने वाले मवेशियों को प्यासे ही रहना पड़ता था। अब बोर खनन के बाद गौठान में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत निपानी के सरपंच राजेश, उपसरपंच तोरण साहू, पंचगण संतोष साहू , विजय सिन्हा, वामन साहू, विनोद सारथी सूरजभान साहू, ग्रामवासी राहुल रघुवंशी, लोकेश सिन्हा, योगेश यादव, संतोष यादव मौजूद रहे।

- पंचायत ने गौठान में कराया बोर खनन

## 5 जून को मनाया जाएगा पर्यावरण दिवस

**दुर्ग।** पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी काशीराम कोसरे ने समिति के सदस्य एवं अधिकारियों की बैठक लेकर 5 जून को वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारी करने निर्देश दिए। उन्होंने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का अयोजन के संबंध में निर्णय गया। प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाराजा चौक से बोरसी तक साइकिल रैली कर बोरसी उद्यान में वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रभारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के पूर्व बच्चों का चित्रकला एवं निबंध स्पर्धा पर्यावरण के विषय पर 2 जून को राजेन्द्र पार्क में आयोजित किया जाना है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र निकाय की ओर से दिया जाएगा। वार्ड पार्षदों के अनुशंसा पर पर्यावरण से संबंधित कार्य में लगे पर्यावरण प्रेमी, लोगों या संस्था को सम्मान के साथ पर्यावरण किट प्रदाय किये जाने की अनुशंसा की गई। प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा कि वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हांकित करने एवं ट्री-गार्ड बनाने अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रभारी के अनुमोदन पर प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। वर्तमान परिवेश के दृष्टिगत वृक्षारोपण एक अत्यंत आवश्यक कार्य है।

- होंगे विभिन्न कार्यक्रम तैयारी करने के निर्देश

# राजपूत महासभा ने पृथ्वीराज चौहान अवतरण दिवस मनाया



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित घड़ी चौक के पास राजपूत क्षत्रिय महासभा ने परंपराओं के अनुसार भारत के गौरव प्रक्रमी सम्राट पृथ्वीराज चौहान के तैल चित्र पर कुमकुम तिलक फूल माला एवम दीप प्रज्जवलित कर बड़े धूम धाम से जयंती मनाया । जिला मुख्यालय सहित देवरबीजा इकाई,नवागढ़, मारो इकाई के पदाधिकारी एवं सामाजिक जन मौजूद रहे। इस दौरान पहलुआ पूड़ी,फल का वितरण भी किया गया । समाज प्रमुखों ने बताया कि अखंड भारत के अंतिम पृथ्वीराज चौहान का जन्मजयंती सनातन धर्म के पंचाग अनुसार जेष्ठ मास कि कृष्ण द्वादशी के दिन मनाते आ रहे हैं! बहुत जल्द जिला हॉस्पिटल के पास वीर योद्धा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की आदमकद प्रतिमा का भव्य अनावरण होने वाला हैं! जिसमे प्रदेश भर के राजपूत क्षत्रिय चौहान एकत्रित होंगे!

जयंती समारोह में प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुर टिकेन्द्र सिँह, प्रदेश संगठन मंत्री ठाकुर विनोद सिंह, देवर बीजा इकाई अध्यक्ष ठाकुर महेंद्र सिँह, ठाकुर बंटी सिँह,राजेंद्र सिँह, दाऊ राम सिँह,ईस्वर सिँह, जमुना सिंह , नवागढ़ इकाई अध्यक्ष ठाकुर सतानंद सिंह चौहान, रांका इकाई अध्यक्ष ठाकुर गुमेश सिँह चौहान, सिया सिंह, मारो इकाई अध्यक्ष ठाकुर रामप्रकाश सिँह एवम अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं को ई-कोर्ट कंप्यूटर अवेयरनेस का दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ राज्य ज्यूडिशल अकेडमी उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के कैलेंडर कार्यक्रम के अनुसार दुर्ग जिला एवं तहसील न्यायालयों के विद्वान अधिवक्ताओं के लिए ई-कोर्ट कंप्यूटर अवेयरनेस का एक दिवसी ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के निर्देशानुसार ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत पाराशर की प्रत्यक्ष उपस्थिति तथा दीपक कुमार कोसले अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कंप्यूटर कमेटी की ऑनलाइन उपस्थिति में रिसोर्स पर्सन प्रमोद अचिंत्य, जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। तकनीकी सहयोग के रूप में तरुण चंद्राकर प्रोग्रामर उपस्थित रहे। गूगल मीट अप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित रहते हुए लगभग 60 अधिवक्ताओं ने ई कोर्ट के विभिन्न उपक्रम तथा सुविधाओं के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन



**दुर्ग।** जिला दुर्ग के 42 स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को किया जाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खतरे वाली गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर उन्हें जांच, उपचार, परामर्श प्रदान किया जाना है ।

## पेज 11 के शेष

### एक माह से हत्या के प्रयास ...

नवागढ़, घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी और मुखबिर की सूचना पर उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई का नेतृत्व चौकी मारो के सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र कश्यप ने किया। टीम में महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, आरक्षक आसिफ खान, धाकचंद बंजारे सहित अन्य पुलिसकर्मियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**लोगों मिली राहत, लेकिन अब भी कई सवाल:** इस वारदात के बाद से गांव में भय का माहौल बना हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि आखिर हमलावरों की मंशा क्या थी और क्या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है? पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है।

### कार में सात पेटियों में ...

प्रशंसनीय है, लेकिन एक बड़ा सवाल अब भी मुंह बाए खड़ा है — गांव-गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब और सक्रिय कोचियों पर कब चलेगा कानून का डंडा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुछ जगहों पर अवैध शराब दुकानों की तरह बेची जा रही है, और यह सिलसिला वर्षों से जारी है। युवा वर्ग इसके चपेट में है और महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित हैं। जब भी कोई बड़ी खेप पकड़ी जाती है, तो अफसरों की पीठ थपथपाई जाती है, लेकिन छोटे स्तर पर जो बिक्री हो रही है, वह अब भी बेरोक-टोक जारी है। लोगों की मांग है कि सिर्फ तस्करों को पकड़ने से नहीं, बल्कि गांव-गांव में फैल चुके नशे के जाल को काटने के लिए ज़मीनी स्तर पर सघन अभियान चलाना होगा।

### यादव समाज का देश व ...

वैसे ही मौका बेटियों को भी उपलब्ध कराया जाए जिससे समाज हित में बेटियां भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे सके पूर्व विधायक ने कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर समाज के लोगों के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया इस दौरान झरिया यादव समाज के अध्यक्ष गणेश गौ सेवक लच्छी राम यादव जनपद पंचायत बेरला के सभापति मरियम बी नवाज मुंशी खान मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा सहित यादव समाज के जनप्रतिनिधि गण तथा समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे ।

## जलसंकट को लेकर महापौर ने ली अधिकारियों की बैठक

# फिल्टर प्लांट व इंटकवेल में नए मोटर पम्प लगाने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में पटरी पार व मध्य क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जल संकट होने तथा बार बार बिजली बंद होने से पेयजल आपूर्ति रुकने की समस्या को लेकर निगम महापौर अलका बाघमार ने डाटा सेंटर के कांफ्रेंस कक्ष में जलकार्य से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियो की बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। अधिकारियो को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस दौरान बैठक में इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारियों को भी बुलाया गया था जिन्हें बेमौसम आंधी तूफान व बारिश के चलते बार-बार बिजली ठप्प होने से फिल्टर प्लांट में विद्युत अवरोध होने की समस्या से निजात दिलाने वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने कहा गया। बैठक में जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के एई राजेंद्र गिरी गोस्वामी, आलोक साहू, जलगृह उप अभियंता मोहित मरकाम, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद रहे। बैठक में महापौर अलका बाघमार को जल प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने अपने विभाग की ओर से गर्मी और बेमौसम बारिश के चलते नियमित पेयजल आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया।

- निर्बाध बिजली सप्लाई के लिए भी बनाई गई योजना



### शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने दोनो महत्वपूर्ण प्रस्ताव के स्वीकृति राशि के लिए शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक में महापौर अल्का बाघमार ने जल कार्य विभाग से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने निर्देशित करते हुए कहा की पाईप लाईन लिकेज तत्काल मरम्मत किया जाए और लिकेज के कारण टंकी भरने में दिक्कत हो रही वाल को भी शीघ्रता से बदला जाए ताकि शहर में पानी सप्लाई सुचारू रूप से जारी रह सके।

### मोटर पंप की क्षमता कम

विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि गर्मी में या बिजली बंद होने पर जिन क्षेत्रों में लो प्रेशर की शिकायत सामने आ रही है इसका 2 मुख्य कारण है जिसमे पहला फिल्टर प्लांट से टंकी भरने की लाईन में वाल का बड़ा लिकेज है जिसे जल्द बदला जाना है और दूसरा कारण रायपुर नाका स्थित 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में मोटर पम्प की क्षमता कमजोर होना है, चूंकि अमृत मिशन के तहत अनेक नई टंकिया बनी है जिन्हे भरने वर्तमान में चल रही पंप की क्षमता कमजोर है। इसके लिए 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नए मोटर पम्प खरीदने का प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसमे उक्त प्लांट में 120 एचपी के तीन नए मोटर तथा शिवनाथ नदी इंटवेल में 4 नए पंप लगाने प्रपोजल तैयार किए गए है। वहीं आंधी तूफान के कारण जो बिजली चली जाती है व टंकियों में पानी नही भर पाता इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलगांव से फिल्टर प्लांट तक लगभग 10 किलोमीटर दूरी की सेपरेट फीडर से विद्युत प्रदाय करने करने का सुझाव दिया गया।


राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिंदू सनातन संगठन एवं वरिष्ठ भाजपा
किसान नेता मेरे प्रेरणा स्त्रोत चाचा
श्री योगेश
तिवारी जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
27
मई
पीयूष शर्मा

## खबर संक्षेप

### चारभांठा में अध्यक्ष ने कराया बोर खनन

**छुरिया।** ग्राम बम्हनी चारभांठा मे पेयजल संकट को देखते हुए जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों की मांग पर त्वरित पहल करते हुए एक सप्ताह के भीतर बोर खनन कराया। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा का आभार प्रकट किया है। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को जल संकट से बचने के लिए सोख्ता गड्ढा, बोरी बंधान, ढलान जगह में पत्थर से पानी रोकने की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उभेराम मंडावी, टीकम साहू, यादोदास वैष्णव, दुवासी कुंजाम, हेमसिंग साहू, कुशल मंडावी, हरक सेवता सहित अन्य उपस्थित थे।

### मार्बल से भरा ट्रक पलटा

**चिचोला।** छुरिया रोड में अनियंत्रित होकर मार्बल से भरा ट्रक पलट गया जिससे ड्राइवर को गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार छुरिया की तरफ से मार्बल भरकर चिचोला आ रहा ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजे 9604 राजू साइकिल स्टोर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ड्राइवर को गंभीर चोटे आई है जिसे 112 की मदद से छुरिया हॉस्पिटल ले जाया गया।

### एक्यूप्रेशर शिविर 30 तक

**डोंगरगढ़।** एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन लालबहादुर नगर में किया गया है। एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट जोधपुर के विशेषज्ञ आगामी 30 मई तक सिर दर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गले, पेट, शुगर, गैस, कमर, जोडो आदि का उपचार एक्यूप्रेशर, वाईब्रेशन, सुजोक चिकित्सा के माध्यम से करेंगे। आयोजकों ने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### धान खरीदी केन्द्र की घोषणा का स्वागत

**सड़क अतरिया।** सरकार ने मानपुर नाका में नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने की घोषणा किया है। केन्द्र शुरू होने से किसानों को धान बेचने में सुविधा होगी। कम दूरी तय कर मानपुर, चकनार, जीराटोला, बगदूर, दौजरी आदि गांव के किसान धान आसानी से बेच पाएंगे। धान खरीदी खोलने पर ग्रामीणो ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार से मिलकर सरकार का आभार जताया। इस मौके पर अंजू जंघेल, सरपंच मानपुर बोधनसिंह मेरावी, केशलाल मंडावी, जीतमराम धनकर, मनहरण नेताम, रामशरण मेरावी, मोहन धुर्वे, कोमल नेताम, भगवानसिंह, हंसराम पटेल, पुनाराम धनकर मौजूद थे।

### स्वच्छता अभियान में शामिल हुए ग्रामीण

**सोमनी।** सोमनी में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत सफाई किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने भी हाथ बंटाया। सरपंच नीलिमा साहू, पंच सहित स्वच्छता बहनों और ग्रामीणों ने बाजार चौक के आसपास सफाई कर कचरा उठाया। इस दौरान सरपंच ने ग्रामीणों को स्वच्छ भारत स्वस्थ गांव का संदेश देकर अपने घर सहित आसपास में सफाई रखने प्रेरित किया। इस मौके पर पंच नंदा वर्मा, भारती, कुंती, रेखा, बरखा, तीजन, कंवलबाई, गोपी साहू सहित अन्य उपस्थित थे। सरपंच द्वारा नाली सफाई का निरीक्षण किया।

# ग्राम टकसिवा समाधान शिविर में 95 प्रतिशत समस्याओं को हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



बेरला जनपद के ग्राम टकसिवा में एक दिवसीय समाधान शिविर का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू कर ग्रामीण नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा।


शिविर में कैप्टन युवराज सिंह परगनिया एवं सैनिक अवैद साहू को श्रीफल, साल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही ताकम ग्राम की बेटी वैशाली साहू, जिन्होंने 12वी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया, को भी मंच से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की 1 ग्राम टकसिवा क्लस्टर की 10 ग्राम पंचायतों—टकसीयां, सोढ़, रेवें, भरचट्टी, सिंवार, भाठासोरही, हतपान, पतोरा, सिलघट-प, एवं ताकम—से सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं को सामने रखा। शिविर मे कुल 6068 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 95% आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं प्रत्येक गांव और व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पहली बार इस प्रकार के समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को किसान पुत्र बताते हुए कहा कि वे किसानों, मजदूरों, महिलाओं और गरीबों की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं और उनके हित में त्वरित निर्णय ले रहे हैं।उन्होंने कहा, "अगर आपकी कोई समस्या रह जाती है, तो बेहिचक मुझसे संपर्क करें।

मैं आपका सेवक हूं, जनप्रतिनिधि हूं और हर परिस्थिति में आपके साथ हूं।"इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, बेरला जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, बेरला जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष रघुवीर पिंटू सिन्हा, टकसिवा सरपंच ज्योति खेमराज साहू, हथपान सरपंच संदीप शर्मा की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आयोजन : प्रभु श्री राम के पर काव्य रचना सुनकर मंत्र मुग्ध हुए श्रोता

# मानस दर्शन ने ऑनलाइन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



मानस दर्शन ने ऑनलाइन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मानस दर्शन जीवन अर्पण छत्तीसगढ़ सहित एशिया का प्रथम ऑनलाइन पटल जो विगत 7 वर्षों से श्री राम कथा के साथ-साथ विविध प्रकार से नवाचार आयोजन करता रहा है। यह 5 मई 2025 से 23 मई 2025 तक 19 दिवसीय ऑनलाइन मानस प्रतियोगिता मातृ देवो भव मानस मंथन 5.0 के समापन पश्चात 25 मई को अंतरराष्ट्रीय काव्य गोष्ठी, कवि सम्मेलन, मानस दर्शन कलमकार परिषद् की प्रस्तुति, देश के विख्यात कवियों के संग का आयोजन किया गया।

जिसमें रेखा शर्मा, स्नेहा मुजफ्फरपुर बिहार, प्रमोद मिश्रा निर्मल ग्रेटर नोएडा दिल्ली, अमन अक्षर इंदौर, अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज अंगार जी ललितपुर उत्तरप्रदेश, डॉक्टर अरविन्द श्रीवास्तव असीम दतिया मध्यप्रदेश, मिंटू कुमार आर्मी सह युवा साहित्यकार बेगूसराय बिहार डॉ सुनील परीट, बेलगाम कर्नाटक, मिनेश कुमार साहू जी गंडई , ईश्वर साहू जी बंधी बेमेतरा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर कपसीडीह, गरियाबंद ने अपनी अपनी उत्कृष्ट कविता पाठ कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन के प्रभारी आत्मा राम साहू धड़कन मानस दर्शन परिवार एवं मुन्नालाल देवदास, कवि, साहित्यकार, गीतकार थे। कवि सम्मेलन का संचालन छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार, गीतकार, लोकगायक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सीताराम साहू जी श्याम ने किया। कवि सम्मेलन पश्चात 19 दिवसीय ऑनलाइन मानस प्रतियोगिता में ऑफलाइन आयोजन के लिए चयनित मण्डलीयों की घोषणा भी की गई जो कि इस प्रकार हैं मातृ वर्ग में जय मां बमलेश्वरी महिला मानस परिवार कोलेगांव कवर्धा, माधुरी मानस परिवार नहरगांव गरियाबंद, गौरी महिला मानस परिवार रेंगाकथेरा, बालोद, भूमिजा मानस परिवार गुढियारी रायपुर, अदिति हर्षा मानस परिवार, बिरकोनी बागबाहरा महासमुंद, पुरुष वर्ग में लोकसिंगार मानस परिवार आमकोणी, नूतन मानस परिवार धौरा भाटा, विधि हरि हर मानस परिवार भिंभौरी बेमेतरा, आदिशक्ति मानस परिवार बगतारा, जय ठाकुर देव मानस परिवार उपरवारा, रामसिय मानस परिवार कोटगांव, सत्संग सरिता मानस परिवार हसदा नम्बर 1 और साईं मानस परिवार अंडा दुर्ग है। सभी मंडलियों की प्रस्तुति ग्राम मरौद कुरूद में आयोजित होने वाले ऑफलाइनकार्यक्रम में होगी। विशेष वर्ग से, संगीत में ज्ञान गंगा मानस परिवार गनियारी, अनुशासन में हे शारदे बालिका मानस परिवार रणजीतपुर, व्याख्या विशेष पर गीता संदेश बालिका मानस परिवार बहुरणभेंडी को प्राप्त हुआ है। मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार के संस्थापक दीपक गुहा, केंद्रीय संयोजक मंडल के के के सिन्हा, डी एल सिन्हा, आर डी साहू, रामकुमार प्रजापति, पिंटू पटेल, मेसुल साहू, भूपेश बनपेला, माखन साहू, बिहारी यादव, विष्णु साहू गजेन्द्र वर्मा, पुनेश्वर साहू, मातृ संयोजक मंडल की सविता सोन, महेश्वरी वर्मा, डा ओंकार चंद्राकर, सरस्वती साहू, हितेंद्र साहू, नोमेश सिन्हा, युगल साहू, वंदना साहू, सहित युवा प्रकल्प बालिका प्रकल्प, एवं आशीर्वादक गुरुजनों जगदीश देशमुख, अर्जुनपुरी गोस्वामी, गोपाल वर्मा, नूतन साहू समस्त निर्णायक मंडल ने बधाई और शुभकामनाएं दीं है।

# 915 किसानों को 230.85 लाख का केसीसी ऋण किया वितरित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/दाढ़ी

सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया शाखा दाढ़ी, पंजीयन क्रमांक 372 में शुक्रवार को सहकार से समृद्धि योजना के तहत किसानों को समिति में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को बताया गया कि माइक्रो एटीएम सुविधा के अंतर्गत न्यूनतम 100 रुपये से लेकर अधिकतम 10,000 रुपये तक की राशि जमा एवं आहरित की जा सकती है। समिति द्वारा संचालित सीएससी सेंटर के माध्यम से किसानों को रजिस्ट्री, बीमा पॉलिसी, बिजली बिल भुगतान, रेलवे टिकट, मोबाइल-टीवी रिचार्ज और मनी ट्रांसफर जैसी बहुउपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 445 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष श्री मोहित साहू ने नवपंजीकृत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए। वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल से 23 मई तक कुल 915 कृषकों को 230.85 लाख रुपये का केसीसी ऋण तथा 95.70 लाख रुपये मूल्य का खाद-बीज वितरित किया गया है। इस अवसर पर समिति के सहायक प्रबंधक मुकेश चंद्राकर, कंप्यूटर ऑपरेटर हिरेंद्र सिन्हा, लिपिक सह ऑपरेटर ओमप्रकाश साहू, राकेश साहू, जयप्रकाश चंद्राकर, रामप्रसाद, प्रमोद बाल्मीकि, मिश्रीलाल यादव एवं देवेंद्र दिलहरण उपस्थित रहे। किसानों में लालबहादुर पटेल, टीकम चंद्राकर, खेलावन साहू, रमक साहू, जुड़वां साहू व लच्छी दुबे विशेष रूप से शामिल रहे।

# नवोदय में चयनित तेलगा शाला के विद्यार्थियों को सुशासन शिविर में सम्मानित कर दिए प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

एनएमएमएस छात्रवृत्ति एवं नवोदय में चयनित तेलगा स्कूल के बच्चों का सम्मान किया गया। संकुल आनंदगान के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलगा के छात्र जयकुमार वर्मा एवं लल्ली वर्मा पूर्व माध्यमिक शाला आनंदगांव कि छात्रा युवराज व अनुराधा यादव का चयन 2024 25 में राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति के लिए हुए है। साथ ही प्राथमिक शाला तेलगा के छात्र मयंक कुमार महिलांग का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। ग्राम खुडमुड़ा में आयोजित सुशासन शिविर में विधायक दीपेश साहू ने इन बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे सम्मान समारोह से बच्चों के हौसले बुलंद होते है उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है, बच्चों की प्रतिभा का सम्मान ही उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरणा देते है। यह बच्चों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत होता है और उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करता है। अब इन छात्रों को कक्षा नवमी से 12वी तक प्रति माह 1000 रुपये छात्र वृत्ति मिलेगा। इससे उच्च शिक्षा के लिए बहुत बड़ा सहयोग होगा। इसी प्रकार मयंक कुमार के चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। जो कि ग्राम तेलया के लिए गौरव का विषय है। यह गौरव पालकों व शिक्षको के सतत प्रयास से संभव हुआ है। अब तक लगातार 3 बच्चों का चयन प्रा शा तेलगा से हो चुका है। से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सफल होने पर ग्राम तेलगा के सरपंच राजेश नायक एवं ग्राम आनंद गाँव के सरपंच चंदन नायक, प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक किशोर सिन्हा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलगा एवं गणेश राम सिवारे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला तेलगा व समस्त पालक गण, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सहायक अधेश उइके एवं समस्त शिक्षकों द्वारा बच्चों को बधाई एवं शुभकामानाए प्रदान की गई।

# मरार समाज के पदाधिकारियों ने पूजा कर पदभार ग्रहण किया



**बेरला।** कोसरिया मरार पटेल धमधा तेलगा राज के नवनियुक्त समाज के पदाधिकारीयों ने पद भार ग्रहण किया। बेरला ब्लॉक के गोंड़गिरी गांव के पटेल भवन में सर्व प्रथम समाज के स्वजातिय लोगों द्वारा मां शाकंभरी की पूजा अर्चना कर आरती की गई। तदपश्चात तेलगा धमधा राज के राज प्रधान भगवती पाटिल के मार्ग दर्शन में सलाहकार राम कृष्ण पाटिल के द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष अलख पाटिल गोंड़गिरी, सचिव शेखर पाटिल बोरसी, कोषाध्यक्ष दिनेश पाटिल सूरजपुरा को पद भार ग्रहण कराया गया। इस आयोजन में सम्पत पाटिल पूर्व सचिव जनतराम पाटिल, यशवंत पाटिल, बावा पाटिल, दिनेश पाटिल, नंदकुमार पाटिल, रामाधार पाटिल, गोवर्धन पटेल, उमाशंकर पाटिल, राजेश पाटिल,सेतराम पाटिल, महिला पदाधिकारी कुमारी बाई, संगीता, उत्तरा, फिरंतीन, चंचल पाटिल के साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए चयन होने पर नीमा का किया सम्मान



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बलौदीकला विकासखंड बेरला के शाला प्रांगण में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होने पर कु नीमा निषाद का स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से मिली सफलता के बाद छात्रा कु नीमा निषाद को अब नवमी से बारहवीं तक 1000 रु प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि मिलेगी। एक वर्ष में 12000 रुपए और 4 वर्ष में 48000 की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होगी।सरपंच पंच सहित ग्राम वासियों ने और शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस अवसर पर कु नीमा को बहुत-बहुत बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त किये। सभी ने कु नीमा को भविष्य में और भी इसी तरह से सहयोग प्रदान करने की बात भी कही। इस अवसर पर चंपाजी चौहान सरपंच, नीलम निषाद, प्रेमीन निषाद महेश साहू, मुकेश साहू, पंचू पटेल, ठाकुर राम पटेल पंच, खुवेंद्र चौहान सरपंच प्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमल साहू, उपाध्यक्ष दुगेश्वर साहू, गिरवर साहू, हीरामन चक्रधारी, अनिता निषाद, मंटोरा साहू, आशा निषाद, कु नीमा के माता पिता लीलावती, ओमप्रकाश निषाद, पूर्व सरपंच अमोला पटेल के साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक राजेश यादव, कृष्ण कुमार शिवारे, सुनील कुमार साहू व गजानंद वर्मा उपस्थित रहे।

# पंच दिवसीय अध्यात्म कथा सरिता का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर की गई



**नवागढ़।** नगर नवागढ़ में सोमवार से पंचदिवसीय अध्यात्म कथा सरिता का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। यह आयोजन 26 मई से 30 मई तक नगर के प्रसिद्ध सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित किया है। इस वर्ष की कथा सरिता की थीम है — धर्म ही जीवन का आधार।

- मुख्य वक्ता योगेश्वरानंद महाराज देंगे प्रवचन

सोमवार की शाम राम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकली, जो गणेश मंदिर होते हुए मानाबंद तालाब पहुँची, जहाँ से पवित्र जल लेकर यह यात्रा बस स्टैंड होते हुए शिशु मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। इसके बाद पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार एवं विधिविधान से इस अध्यात्मिक आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया गया। आयोजन के मुख्य वक्ता योगेश्वरानंद महाराज पूरे पांच दिनों तक धर्म, वेदांत, भक्ति और कर्मयोग के गूढ़ रहस्यों पर प्रवचन देंगे। इनके साथ पं. नागेश्वर तिवारी (वाराणसी), पं. ध्रुव शर्मा, सागर महाराज और प्रदीप शर्मा प्रभुजी जैसे विद्वान भी धर्म के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा करेंगे।

प्रतिदिन संगीतमय भजन-कीर्तन, सत्संग, सामूहिक प्रार्थना और आरती का आयोजन होगा, जो श्रद्धालुओं के हृदय को आध्यात्मिक आनंद से भर देगा। विशेष तौर पर 27 मई को श्रीराम नाम संकीर्तन और तुलसी विवाह की भव्य प्रस्तुति की जाएगी, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से मंत्रमुग्ध कर देगी। समापन दिवस 30 मई को अमृतवाणी, उपनिषद व्याख्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समारोह की गरिमा बढ़ाई जाएगी। धर्म सभा के सदस्य देवेन्द्र धर दीवान, मिंटू बिसेन, सौरभ ताम्रकार और रमेश चौहान ने कहा कि यह आयोजन समाज में धर्म, सद्भावना और आध्यात्मिक जागरूकता का सशक्त संदेश है। उन्होंने सभी नगरवासियों और आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पुण्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

महिलाओं ने वट वृक्ष पर कच्चे धागे लपेटते हुए की परिक्रमा

# सुहागिनों ने वट-सावित्री पूजा की और मांग अखंड सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



सोमवती अमावस्या के विशेष संयोग पर सोमवार को सुहागिनों द्वारा वट सावित्री का व्रत रखा गया । ग्राम चीजगांव एवं बरगा समेत अंचल में वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में बरगद वृक्ष के पास पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किये।

पूजन-अर्चन पं.चेतन शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। महिलाएं गांव के अलग-अलग जगहों के वट वृक्ष के पास जाकर अपन-अपनी आस्थाओं में लीन रही। शर्मा एवं धर्मशास्त्रियों के अनुसार सुहागिनों के लिए यह व्रत बहुत ही खास होता है। हिंदू धर्म में बरगद का वृक्ष पूजनीय माना गया है। इस वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इस वृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जितनी उम्र बरगद के पेड़ की होती है , सुहागिनें भी बरगद के पेड़ की उम्र के बराबर अपने पति की उम्र मांगती है। वट सावित्री व्रत में सौभाग्यवती महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सभी प्रकार की सुख-समृद्धि की कामनाएं की। इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए और कच्चे सूत से वृक्ष को बंधन बांधती हुई विशेष पूजा अर्चना के साथ अपनी पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। महिलाएं पूजन-अर्चन समापन पश्चात प्रसादे बांटी।

## सुहागिनों ने वट-सावित्री पूजा की पति के लिए दीर्घायु की कामना की



**थानखमरिया।** नगर में वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों सहित वार्ड क्रमांक 2 स्थित प्राचीन राधाकृष्ण तालाब के समीप वट वृक्ष स्थल पर सोमवार को सौभाग्यवती महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। सैकड़ों सुहागिनों ने वट वृक्ष की 108 परिक्रमा कर अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। सुबह से ही नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा। सजी-धजी महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में सजी मांग, चूड़ियों और मंगलसूत्र के साथ विधिपूर्वक व्रत रखा। महिलाओं ने कच्चे सूत की डोरी से वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करते हुए पूजन किया और सावित्री-सत्यवान की पौराणिक व्रत कथा का श्रवण किया। इस पावन अवसर पर पंडित रामविलास शर्मा ने बताया कि वट सावित्री व्रत जेठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व स्त्री के सतीत्व, सेवा, और संकल्प शक्ति का प्रतीक है। देवी सावित्री ने इसी दिन अपने पति सत्यवान को यमराज से अपने तप और दृढ़ निष्ठा से वापस पाया था। यह पर्व भारतीय संस्कृति में स्त्री शक्ति की आस्था, प्रेम और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। वट सावित्री व्रत न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्तों में प्रेम, विश्वास और समरसता को भी मजबूती प्रदान करता है। नगर में मनाया गया यह पर्व सांस्कृतिक चेतना और पारंपरिक मूल्यों की जीवंत मिसाल बना।

